सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
पौष 02, सोमवार, *शाके 1946*- दिसम्बर 23, *2024* *Pausa 02, Monday, Saka 1946- December 23, 2024*	

भाग 6 (ग)

ग्राम पंचायत संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(पंचायती राज)

अधिसूचना

जयपुर, दिसम्बर 17, 2024

संख्या एफ.15(77)पंरावि/विधि/न.पा.गठन/बाडमेर/24/ईफाईल-49194/12379308:- स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर की अधिसूचना क्रमांक 4926 दिनांक 07.11.2024 के द्वारा ग्राम पंचायत गुडामालानी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र राजस्व ग्राम गुडामालानी, सीलू, कांधी की ढाणी एवं ग्राम पंचायत डाबड के राजस्व ग्राम राठोडों की ढाणी उर्फ मालियों की ढाणी एवं ग्राम पंचायत जीवाणियों की ढाणी के राजस्व ग्राम बोरली (जिला बाडमेर) को सम्मिलित करते हुए गुडामालानी को चतुर्थ श्रेणी की नगर पालिका घोषित किये जाने के फलस्वरूप राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994(1994 का अधिनियम संख्या-13) की धारा-101 में वर्णित शक्तियों का प्रयोग करते हुए नवगठित नगरपालिका गुडामालानी में सम्मिलित ग्राम पंचायत गुडामालानी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र राजस्व ग्राम गुडामालानी, सीलू, कांधी की ढाणी एवं ग्राम पंचायत डाबड के राजस्व ग्राम राठोडों की ढाणी उर्फ मालियों की ढाणी एवं ग्राम पंचायत जीवाणियों की ढाणी के राजस्व ग्राम बोरली (पंचायत समिति- गुडामालानी) को पंचायती राज संस्थाओं की सीमाओं से पृथक किया जाता है तथा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994की धारा-101(2)(घ) के प्रावधानानुसार उक्तनगरपालिका में सम्मिलित किये गये क्षेत्र से पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को हटाया हुआ माना जायेगा ।

उपरोक्तानुसार पृथक करने की कार्यवाही के पश्चात ग्राम पंचायत डाबड एवं जीवाणियों की ढाणी कानिम्नानुसारस्वरूप रहेगा :-

ग्राम पंचायत का नाम	ग्राम पंचायत में सम्मिलित राजस्व ग्राम
1. डाबड	1. डाबड 2. उदाणियों की ढाणी 3. मोटी ढाणी 4. पूनियों का वास 5. पीरूवाणियों की ढाणी

2. जीवाणियों की ढाणी	1. जीवाणियों की ढाणी 2. लालाणियों की ढाणी 3. गोदारों की बस्ती 4. विरोणी रैबारियों की ढाणी 5. जोधसिंह की ढाणी

आज्ञा से,
इन्द्रजीत सिंह,
उपायुक्त एवं
उप शासन सचिव (प्रथम)।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।